चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक जागरण | 26-7-23 | 4 | 1-4 |


# सकारात्मक सोच से आगे बढ़ें युवा : गुप्ता

## हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में चल रहे राष्ट्रीय एकता शिविर को किया संबोधित

जागरण संवाददाता, हिसार : स्थानीय शहरी निकाय मंत्री डा. कमल गुप्ता ने युवाओं से सकारात्मक सोच के साथ जीवन में आगे बढ़ने और देश की प्रगति में अपना बहुमूल्य योगदान देने का आह्वान किया है। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में चल रहे राष्ट्रीय एकता शिविर में बतौर मुख्यातिथि बोलते हुए उन्होंने कहा कि देश को युवा शक्ति से बहुत अपेक्षाएं हैं इसलिए उन्हें धर्म, जातिवाद, क्षेत्रवाद आदि की संकीर्ण मानसिकता से ऊपर उठकर और एकजुट होकर देश को श्रेष्ठ व आत्मनिर्भर बनाने के संकल्प के साथ आगे बढ़ना होगा।

सात दिवसीय इस शिविर में 17 राज्यों से आए राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक भाग ले रहे हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने की जबकि विशिष्ट अतिथि युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय, राष्ट्रीय सेवा योजना, नई दिल्ली से मनोज कुमार व राज्य एनएसएस अधिकारी, हरियाणा डा. दिनेश कुमार भी उपस्थित रहे।



चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में डा. कमल गुप्ता राष्ट्रीय एकता शिविर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए। • पीआरओ।

### खुद व समाज में सुधार लाना है एनएसएस का उद्देश्य

कुलपति ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का मुख्य उद्देश्य समाज और स्वयं में सुधार लाना है। भारत जैसे बड़े लोकतांत्रिक देश को जानने के लिए व अनेकता में एकता के सूत्र को समझने में राष्ट्रीय एकता शिविर का अहम योगदान है। इससे पूर्व छात्र कल्याण निदेशक डा. अतुल ढींगड़ा ने सभी का स्वागत किया, जबकि राष्ट्रीय सेवा योजना अवार्डी डा. भगत सिंह ने धन्यवाद प्रस्ताव पारित किया।

### मंच पर दिखा 'मिनी भारत', कर्नाटक के 'कमसाले' डांस स्टाइल ने दर्शकों से बंटोरीं तालियां

शिविर के संध्याकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम में राजस्थान, कर्नाटक व महाराष्ट्र के स्वयंसेवकों ने नृत्य, गायन व वादन के जरिए श्रोताओं का ध्यान खींचा। कर्नाटक का 'कमसाले' समूह नृत्य कार्यक्रम का आकर्षण रहा। आनू माले-तेनू माले व गूंजू माले नामक गाने पर कर्नाटक कलाकारों ने कर्नाटकीय संस्कृति से रूबरू करवाया, जबकि राजस्थानी कलाकारों ने घूमर व भवई नामक लोक-नृत्य से मनोरंजन कर राजस्थानी संस्कृति से सभी को जोड़ा। राजस्थानी कलाकारों ने मैं तुमको शीश नवाता हूं-धन्य धन्य हो जाता हूं भजन के बोल से समां को भक्ति रस में बांध दिया। इसके अलावा महाराष्ट्र के स्वयंसेवकों ने लावणी नृत्य कर कार्यक्रम में चार-चांद लगा दिए। पंजाबी कलाकारों ने भंगड़ा, हरियाणवी कलाकारों ने दामण-कुर्ता व मैं गौरी-तू काला गाने के बोल पर नृत्य कर तालियां बंटोरी। वहीं, मेघालय की कलाकार ने गायन की बेहतरीन प्रस्तुति दी।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि भूमि | 26.7.23 | 11 | 4-8 |

# युवाओं को सकारात्मक सोच के साथ जीवन में आगे बढ़कर देश की प्रगति में योगदान देना चाहिए : डॉ. गुप्ता

**हरिभूमि न्यूज ▶▶हिसार**

शहरी निकाय मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने युवाओं से सकारात्मक सोच के साथ जीवन में आगे बढ़ने और देश की प्रगति में अपना बहुमूल्य योगदान देने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि देश को युवा शक्ति से बहुत अपेक्षाएं हैं इसलिए उन्हें धर्म, जातिवाद, क्षेत्रवाद आदि की संकीर्ण मानसिकता से ऊपर उठकर और एकजुट होकर देश को श्रेष्ठ व आत्मनिर्भर बनाने के संकल्प के साथ आगे बढ़ना होगा।

डॉ. कमल गुप्ता हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में चल रहे राष्ट्रीय एकता शिविर में युवाओं को संबोधित कर रहे थे। सात दिवसीय इस राष्ट्रीय एकता शिविर में देश के 17 राज्यों से आए राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक भाग ले रहे है। डॉ. कमल गुप्ता ने कहा कि यह राष्ट्रीय एकता शिविर मिनी भारत की झलक प्रस्तुत करता है। इसमें विभिन्न राज्यों से विद्यार्थी भाग लेकर अनेकता में एकता जो कि भारत की पहचान है, को चरितार्थ करते हैं। यह विशेषता विश्व के किसी भी देश में नहीं मिलती।

कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने की जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय, राष्ट्रीय सेवा योजना, नई दिल्ली से मनोज कुमार व राज्य एनएसएस अधिकारी, हरियाणा डॉ. दिनेश कुमार भी उपस्थित रहे। इससे पूर्व छात्र कल्याण निदेशक डॉ. अतुल ढींगड़ा ने सभी का स्वागत किया, जबकि राष्ट्रीय सेवा योजना अवार्डी डॉ. भगत सिंह ने धन्यवाद किया। इस अवसर पर डॉ. चंद्रशेखर डागर, देशराज, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी आदि अधिकारीगण व कर्मचारी मौजूद रहे।



हिसार। राष्ट्रीय एकता शिविर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री डॉ. कमल गुप्ता।

## एचएयू के मंच पर दिखा मिनी भारत

राष्ट्रीय सेवा योजना की ओर से आयोजित सात दिवसीय राष्ट्रीय एकता शिविर में सांस्कृतिक कार्यक्रम में 17 प्रदेशों से आए कलाकार नृत्य, गायन व वादन से अपनी संस्कृति का परिचय दे रहे हैं। मंच पर मिनी भारत दिखाई दिया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में राजस्थान, कर्नाटक व महाराष्ट्र के स्वयंसेवकों ने नृत्य, गायन व वादन के जरिए श्रोताओं का ध्यान अपनी ओर खींचा।

| चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय |
|---|

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अजीत समाचार | 26-7-23 | 5 | 1-3 |

# युवाओं को सकारात्मक सोच के साथ देश की प्रगति में अपना बहुमूल्य योगदान देना चाहिए : डॉ. कमल गुप्ता




हरियाणा के शहरी स्थानीय निकाय मंत्री डॉ. कमल गुप्ता हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय एकता शिविर कार्यक्रम को बतौर मुख्यातिथि संबोधित करते हुए।

हिसार, 25 जुलाई (विरेन्द्र वर्मा): हरियाणा के शहरी स्थानीय निकाय मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने युवाओं से सकारात्मक सोच के साथ जीवन में आगे बढ़ने और देश की प्रगति में अपना बहुमूल्य योगदान देने का आह्वान किया है। डॉ. कमल गुप्ता ने आज चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार में चल रहे राष्ट्रीय एकता शिविर में बतौर मुख्यातिथि बोलते हुए कहा कि देश को युवा शक्ति से बहुत अपेक्षाएं हैं इसलिए उन्हें धर्म, जातिवाद, क्षेत्रवाद आदि की संकीर्ण मानसिकता से ऊपर उठकर और एकजुट होकर देश को श्रेष्ठ व आत्मनिर्भर बनाने के संकल्प के साथ आगे बढ़ना होगा। गुप्ता ने कहा यह राष्ट्रीय एकता शिविर मिनी भारत की झलक प्रस्तुत करता है। सात दिवसीय इस शिविर में देश के 17 राज्यों से आए राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक भाग ले रहे हैं।

इसमें विभिन्न राज्यों से विद्यार्थी भाग लेकर अनेकता में एकता जोकि भारत देश की पहचान है, को चरितार्थ कर रहे हैं। यह विशेषता विश्व के किसी भी देश में नहीं मिलती। उन्होंने देश की आजादी से पहले की भयावह स्थिति का भी जिक्र कर राजा पृथ्वीराज चौहान व छत्रपति शिवाजी की वीरगाथा से सभी को रूबरू करवाया। उन्होंने कहा कि हमारे देश के क्रांतिकारियों व शहीदों ने अपने प्राण न्यौछावर कर देश को आजादी तो दिलाई लेकिन आज भी हम मानसिक संकीर्णता की गुलामी में बंधे हुए हैं। अगर देश की तरक्की में हमें अपना महत्वपूर्ण योगदान देना है तो मानसिक संकीर्णता का त्याग करना चाहिए।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| सिटी पल्स न्यूज | 25.07.2023 | -- | -- |

# युवाओं को सकारात्मक सोच के साथ देश की प्रगति में अपना योगदान देना चाहिए : डॉ. गुप्ता

**सिटी पल्स न्यूज, हिसार।** स्थानीय शहरी निकाय मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने युवाओं से सकारात्मक सोच के साथ जीवन में आगे बढ़ने और देश की प्रगति में अपना बहुमूल्य योगदान देने का आह्वान किया है। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में चल रहे राष्ट्रीय एकता शिविर में बतौर मुख्यातिथि बोलते हुए उन्होंने कहा कि देश को युवा शक्ति से बहुत अपेक्षाएं हैं इसलिए उन्हें धर्म, जातिवाद, क्षेत्रवाद आदि की संकीर्ण मानसिकता से ऊपर उठकर और एकजुट होकर देश को श्रेष्ठ व आत्मनिर्भर बनाने के संकल्प के साथ आगे बढ़ना होगा।




मुख्यातिथि डॉ. कमल गुप्ता राष्ट्रीय एकता शिविर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए।

मुख्यातिथि ने देश की आजादी से पहले गुलाम देश की भयावह स्थिति का भी जिक्र कर राजा पृथ्वी राज चौहान व छत्रपति शिवाजी की वीरगाथा से सभी को रूबरू करवाया। इसके साथ उन्होंने देश को आजादी मिलने के बाद सबसे बड़ी समस्या मानसिक संकीर्णता से भी अवगत कराया। उन्होंने कहा कि हमारे देश के क्रांतिकारियों व शहीदों ने अपने प्राण न्यौछावर कर देश को आजादी तो दिलाई लेकिन आज भी हम मानसिक संकीर्णता की गुलामी में बंधे हुए हैं। अगर देश की तरक्की में हमें अपना महत्वपूर्ण योगदान देना है तो मानसिक संकीर्णता का त्याग करना चाहिए।

कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का मुख्य उद्देश्य समाज और स्वयं में सुधार लाना है। भारत जैसे बड़े लोकतांत्रिक देश को जानने के लिए व अनेकता में एकता के सूत्र को समझने में राष्ट्रीय एकता शिविर का अहम योगदान है। उन्होंने कहा कि शिविर से विद्यार्थियों में निःस्वार्थ भाव से सेवा करने, समाज में भाईचारा कायम करने व एक-दूसरे की संस्कृति का सम्मान करने का भाव पैदा होता है। इस अवसर पर मनोज कुमार, डॉ. दिनेश कुमार, डॉ. अतुल ढींगड़ा, डॉ. भगत सिंह, डॉ. चंद्रशेखर डागर, देशराज, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी सहित अन्य अधिकारीगण व कर्मचारी मौजूद रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पाठकपक्ष न्यूज | 25.07.2023 | -- | -- |


# युवाओं को सकारात्मक सोच के साथ जीवन में आगे बढ़ने और देश की प्रगति में अपना बहुमूल्य योगदान देना चाहिए : डॉ. कमल गुप्ता

पाठकपक्ष न्यूज

हिसार, 25 जुलाई : स्थानीय शहरी निकाय मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने युवाओं से सकारात्मक सोच के साथ जीवन में आगे बढ़ने और देश की प्रगति में अपना बहुमूल्य योगदान देने का आह्वान किया है। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में चल रहे राष्ट्रीय एकता शिविर में बतौर मुख्यातिथि बोलते हुए उन्होंने कहा कि देश को युवा शक्ति से बहुत अपेक्षाएं हैं इसलिए उन्हें धर्म, जातिवाद, क्षेत्रवाद आदि की संकीर्ण मानसिकता से ऊपर उठकर और एकजुट होकर देश को श्रेष्ठ व आत्मनिर्भर बनाने के संकल्प के साथ आगे बढ़ना होगा।



मुख्यातिथि डॉ. कमल गुप्ता राष्ट्रीय एकता शिविर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए।

सात दिवसीय इस राष्ट्रीय एकता शिविर में देश के 17 राज्यों से आए राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक भाग ले रहे हैं। मुख्यातिथि ने कहा यह राष्ट्रीय एकता शिविर मिनी भारत की झलक प्रस्तुत करता है। इसमें विभिन्न राज्यों से विद्यार्थी भाग लेकर अनेकता में एकता जोकि भारत देश की पहचान है, को चरितार्थ करते हैं। यह विशेषता विश्व के किसी भी देश में नहीं मिलती। उन्होंने देश की आजादी से पहले गुलाम देश की भयावह स्थिति का भी जिक्र कर राजा पृथ्वी राज चौहान व छत्रपति शिवाजी की वीरगाथा से सभी को रूबरू करवाया। इसके साथ उन्होंने देश को आजादी मिलने के बाद सबसे बड़ी समस्या मानसिक संकीर्णता से भी अवगत कराया। उन्होंने कहा कि हमारे देश के क्रांतिकारियों व शहीदों ने अपने प्राण न्यौछावर कर देश को आजादी तो दिलाई लेकिन आज भी हम मानसिक संकीर्णता की गुलामी में बंधे हुए हैं। अगर देश की तरक्की में हमें अपना महत्वपूर्ण योगदान देना है तो मानसिक संकीर्णता का त्याग करना चाहिए।

कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने की। जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय, राष्ट्रीय सेवा योजना, नई दिल्ली से मनोज कुमार व राज्य एनएसएस अधिकारी, हरियाणा डॉ. दिनेश कुमार भी उपस्थित रहे।

कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का मुख्य उद्देश्य समाज और स्वयं में सुधार लाना है। भारत जैसे बड़े लोकतांत्रिक देश को जानने के लिए व अनेकता में एकता के सूत्र को समझने में राष्ट्रीय एकता शिविर का अहम योगदान है। उन्होंने कहा कि शिविर से विद्यार्थियों में निःस्वार्थ भाव से सेवा करने, समाज में भाईचारा कायम करने व एक-दूसरे की संस्कृति का सम्मान करने का भाव पैदा होता है। उन्होंने कहा कि किसी भी काम को करने से पहले क्या-क्या व्यवस्थाएं करनी है या किसी भी समस्या का समाधान कैसे करना है, यह हमें टीम-वर्क से सीखने को मिलता है। इसी का एक प्रारूप एनएसएस शिविर है, जिसमें पहले विद्यार्थियों के चरित्र-विकास पर जोर दिया जाता है और उसके बाद लीडरशिप जैसे गुणों को विकसित कर विद्यार्थियों का सर्वांगिण विकास किया जाता है।

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय, राष्ट्रीय सेवा योजना, नई दिल्ली से आए मनोज कुमार व राज्य एनएसएस अधिकारी, हरियाणा डॉ. दिनेश कुमार ने इस सात दिवसीय राष्ट्रीय एकता शिविर में हकृवि द्वारा किए गए प्रबंधों की सराहना की।

इससे पूर्व छात्र कल्याण निदेशक डॉ. अतुल ढींगड़ा ने सभी का स्वागत किया, जबकि राष्ट्रीय सेवा योजना अवार्डी डॉ. भगत सिंह ने धन्यवाद प्रस्ताव पारित किया। इस अवसर पर डॉ. चंद्रशेखर डागर, देशराज, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी सहित अन्य अधिकारीगण व कर्मचारी मौजूद रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पांच बजे न्यूज | 25.07.2023 | -- | -- |

### हकृवि में चल रहे राष्ट्रीय एकता शिविर में बोले स्थानीय निकाय मंत्री

# युवा सकारात्मक सोच के साथ जीवन में आगे बढ़ें और देश की प्रगति में अपना बहुमूल्य योगदान दें

पांच बजे न्यूज

हिसार। स्थानीय शहरी निकाय मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने युवाओं से सकारात्मक सोच के साथ जीवन में आगे बढ़ने और देश की प्रगति में अपना बहुमूल्य योगदान देने का आह्वान किया है। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में चल रहे राष्ट्रीय एकता शिविर में बतौर मुख्यातिथि बोलते हुए उन्होंने कहा कि देश को युवा शक्ति से बहुत अपेक्षाएं हैं इसलिए उन्हें धर्म, जातिवाद, क्षेत्रवाद आदि की संकीर्ण मानसिकता से ऊपर उठकर और एकजुट होकर देश को श्रेष्ठ व आत्मनिर्भर बनाने के संकल्प के साथ आगे बढ़ना होगा।



सात दिवसीय इस राष्ट्रीय एकता शिविर में देश के 17 राज्यों से आए राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक भाग ले रहे हैं। मुख्यातिथि ने कहा यह राष्ट्रीय एकता शिविर मिनी भारत की झलक प्रस्तुत करता है। इसमें विभिन्न राज्यों से विद्यार्थी भाग लेकर अनेकता में एकता जोकि भारत देश की पहचान है, को चरितार्थ करते हैं यह विशेषता विश्व के किसी भी देश में नहीं मिलती। उन्होंने देश की आजादी से पहले गुलाम देश की भयावह स्थिति का भी जिक्र कर राजा पृथ्वी राज चौहान व छत्रपति शिवाजी की वीरगाथा से सभी को अवगत करवाया। इसके साथ उन्होंने देश की आजादी मिलने के बाद सबसे बड़ी समस्या मानसिक संकीर्णता से भी अवगत करवाया। उन्होंने कहा कि हमारे देश के क्रांतिकारियों व शहीदों ने अपने प्राण न्यौछावर कर देश को आजादी तो दिलाई लेकिन आज भी हम मानसिक संकीर्णता की गुलामी में फंसे हुए हैं। अगर देश की तरक्की में हमें अपना महत्वपूर्ण योगदान देना है तो मानसिक संकीर्णता का त्याग करना चाहिए।

कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने की। जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय, राष्ट्रीय सेवा योजना, नई दिल्ली से मनोज कुमार व राज्य एनएसएस अधिकारी, हरियाणा डॉ. दिनेश कुमार भी उपस्थित रहे।

कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का मुख्य उद्देश्य समाज और स्वयं में सुधार लाना है। भारत जैसे बड़े लोकतांत्रिक देश को जानने के लिए व अनेकता में एकता के सूत्र को समझने में राष्ट्रीय एकता शिविर का अहम योगदान है। उन्होंने कहा कि शिविर से विद्यार्थियों में निःस्वार्थ भाव से सेवा करने, समाज में भाईचारा कायम करने व एक-दूसरे की संस्कृति का सम्मान करने का भाव पैदा होता है। उन्होंने कहा कि किसी भी काम को करने से पहले क्या-क्या व्यवस्थाएं करनी है व किसी भी समस्या का समाधान कैसे करना है, यह हमें टीम-वर्क से सीखने को मिलता है। इसी का एक प्रारूप एनएसएस शिविर है, जिसमें पहले विद्यार्थियों के चरित्र-निर्माण पर जोर दिया जाता है और उसके बाद लीडरशिप जैसे गुणों को विकसित कर विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास किया जाता है। युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय, राष्ट्रीय सेवा योजना, नई दिल्ली से आए मनोज कुमार व राज्य एनएसएस अधिकारी, हरियाणा डॉ. दिनेश कुमार ने इस सात दिवसीय राष्ट्रीय एकता शिविर में हकृवि द्वारा किए गए प्रबंधों की सराहना की।

इससे पूर्व छात्र कल्याण निदेशक डॉ. अतुल ढींगड़ा ने सभी का स्वागत किया, जबकि राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी डॉ. भगत सिंह ने धन्यवाद प्रस्ताव पारित किया। इस अवसर पर डॉ. चंद्रशेखर डागर, देशराज, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी सहित अन्य अधिकारीगण व कर्मचारी मौजूद रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
| --- | --- | --- | --- |
| दैनिक भास्कर | 26.7.23 | 2 | 2-5 |

• एचएयू के मंच पर दिखा 'मिनी भारत', सांस्कृतिक कार्यक्रमों पर दी प्रस्तुतियां

## हरियाणवी, राजस्थानी, पंजाबी डांस ने मन मोहा

भास्कर न्यूज | हिसार



एचएयू में पंजाबी भंगड़ा प्रस्तुत करते स्वयं सेवक।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना की तरफ से आयोजित 7 दिवसीय राष्ट्रीय एकता शिविर में लगातार संध्याकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम में 17 प्रदेशों से आए कलाकार नृत्य, गायन व वादन से अपनी संस्कृति का परिचय दे रहे हैं। शिविर के छठे दिन के संध्याकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि स्थानीय शहरी निकाय मंत्री डॉ. कमल गुप्ता रहे। उनके साथ धर्मपत्नी डॉ. प्रतिमा गुप्ता, बेटी रिचा गुप्ता भी मौजूद रही। इसके अलावा एचएयू कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज भी मौजूद रहे। साथ युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय, राष्ट्रीय सेवा योजना, नई दिल्ली से मनोज कुमार व राज्य एनएसएस अधिकारी डॉ. दिनेश कुमार भी उपस्थित रहे। संध्याकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम में राजस्थान, कर्नाटक व महाराष्ट्र के स्वयंसेवकों ने नृत्य, गायन व वादन के जरिए श्रोताओं का ध्यान अपनी तरफ खींचा। कर्नाटक का 'कमसाले' नामक समूह नृत्य कार्यक्रम का आकर्षण का केंद्र रहा, जिसमें कलाकारों ने 'कमसाले' की खनक से श्रोताओं को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। आनू माले-तेनू माले व गुंजू माले नामक गाने पर कर्नाटक कलाकारों ने कर्नाटक की संस्कृति से रूबरू करवाया। राजस्थानी कलाकारों ने घूमर व भवई नामक लोक-नृत्य से मनोरंजन कर राजस्थानी संस्कृति से सभी को जोड़ा। राजस्थानी कलाकारों ने मैं तुमको शीश नवाता हूं-धन्य धन्य हो जाता हूं भजन के बोल से समां को भक्ति रस में बांध दिया। इसके अलावा महाराष्ट्र के स्वयंसेवकों ने लावणी नृत्य कर कार्यक्रम में चार-चांद लगा दिए। इसके अलावा कलाकारों ने कृष्ण-राधिका प्रेम को नृत्य के माध्यम से जीवंत कर बेहतरीन प्रस्तुति देकर सभी को मंत्रमुग्ध किया। साथ ही पंजाबी कलाकारों ने भंगड़ा, हरियाणवी कलाकारों ने दामण-कुर्ता व मैं गौरी-तू काला... गाने के बोल पर नृत्य कर तालियां बंटोरी। वहीं, मेघालय की कलाकार ने गायन की बेहतरीन प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि स्थानीय शहरी निकाय मंत्री डॉ. कमल गुप्ता की बेटी रिचा गुप्ता ने भी सुंदर सुजन राम को ध्याईये भजन के बोल के गाने पर बेहतरीन प्रस्तुति देकर श्रोताओं को भक्ति रस में डूबो दिया।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 26.7.23 | 4 | 3-4 |

# कर्नाटक के 'कामसले' डांस स्टाइल ने बटोरीं तालियां तो राजस्थानी घूमर पर झूमे दर्शक

## एचएयू में आयोजित राष्ट्रीय एकता शिविर में स्वयंसेवकों ने दीं रंगारंग प्रस्तुतियां

**माई सिटी रिपोर्टर**

**हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की ओर से आयोजित 7 दिवसीय राष्ट्रीय एकता शिविर के छठे दिन संध्याकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इसमें राजस्थान, कर्नाटक व महाराष्ट्र के स्वयंसेवकों ने नृत्य, गायन व वादन के जरिए दर्शकों का ध्यान अपनी ओर खींचा।

कर्नाटक का 'कामसले' नामक समूह नृत्य कार्यक्रम का आकर्षण केंद्र रहा। जिसमें कलाकारों ने 'कामसले' की खनक से श्रोताओं को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। आनू माले-तेनू माले व गुंजु माले नामक गाने पर कर्नाटक के कलाकारों ने अपने राज्य की संस्कृति से रूबरू करवाया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्थानीय शहरी निकाय मंत्री डॉ. कमल गुप्ता रहे। उनकी धर्मपत्नी डॉ. प्रतिमा गुप्ता, बेटी रिचा गुप्ता ने भी कार्यक्रम में शिरकत की।

इस दौरान विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर कांबोज भी मौजूद रहे। राजस्थानी कलाकारों ने घूमर व भवई नामक लोक-नृत्य से मनोरंजन कर राजस्थानी संस्कृति से सभी को जोड़ा। राजस्थानी कलाकारों ने मैं तुमको शीश नवाता हूं-धन्य धन्य हो जाता हूं'' भजन के बोल से समां को भक्ति रस में बांध दिया। इसके अलावा महाराष्ट्र के स्वयंसेवकों ने लावणी नृत्य प्रस्तुत किया।

इसके अलावा कलाकारों ने कृष्ण-राधिका प्रेम को नृत्य के माध्यम से जीवंत कर बेहतरीन प्रस्तुति देकर सभी को मंत्रमुग्ध किया।




एचएयू में एनएसएस शिविर में सांस्कृतिक प्रस्तुति देते स्वयंसेवक। संवाद

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अजीत समाचार | 26-7-23 | 5 | 3-5 |

## एचएयू के मंच पर दिखा 'मिनी भारत', कर्नाटक के 'कमसाले' डांस स्टाइल ने दर्शकों से बंटोरी तालियां

### महाराष्ट्र का लावणी व राजस्थानी घूमर डांस ने भी किया मंत्रमुग्ध

हिसार, 25 जुलाई (विरेन्द्र वर्मा): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा आयोजित 7 दिवसीय राष्ट्रीय एकता शिविर में लगातार संध्याकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम में 17 प्रदेशों से आए कलाकार नृत्य, गायन व वादन से अपनी संस्कृति का परिचय दे रहे हैं। शिविर के छठे दिन के संध्याकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि स्थानीय शहरी निकाय मंत्री डॉ. कमल गुप्ता रहे। उनके साथ धर्मपत्नी डॉ. प्रतिमा गुप्ता, बेटी रिचा गुप्ता भी मौजूद रही। इसके अलावा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज भी मौजूद रहे। साथ ही युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय, राष्ट्रीय सेवा योजना, नई दिल्ली से मनोज कुमार व राज्य एनएसएस अधिकारी, हरियाणा डॉ. दिनेश कुमार भी उपस्थित रहे। संध्याकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम में राजस्थान, कर्नाटक व महाराष्ट्र के स्वयंसेवकों ने नृत्य, गायन व वादन के जरिए श्रोताओं का ध्यान अपनी ओर खींचा। कर्नाटक का 'कमसाले' नामक समूह नृत्य कार्यक्रम का आकर्षण का केंद्र रहा, जिसमें कलाकारों ने 'कमसाले' की खनक से श्रोताओं को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। राजस्थानी कलाकारों ने मैं तुमको शीश नवाता हूं-धन्य धन्य हो जाता हूं भजन के बोल से समां को भक्ति रस में बांध दिया। इसके अलावा महाराष्ट्र के स्वयंसेवकों ने लावणी नृत्य कर कार्यक्रम में चार-चांद लगा दिए। इसके अलावा कलाकारों ने कृष्ण-राधिका प्रेम को नृत्य के माध्यम से जीवंत कर बेहतरीन प्रस्तुति देकर सभी को मंत्रमुग्ध किया। साथ ही पंजाबी कलाकारों ने भंगड़ा, हरियाणवी कलाकारों ने दामण-कुर्ता व मैं गौरी-तू काला गाने के बोल पर नृत्य कर तालियां बंटोरी। वहीं, मेघालय की कलाकार ने गायन की बेहतरीन प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि स्थानीय शहरी निकाय मंत्री डॉ. कमल गुप्ता की बेटी रिचा गुप्ता ने भी सुंदर सुजन राम को ध्याईये भजन के बोल के गाने पर बेहतरीन प्रस्तुति देकर श्रोताओं को भक्ति रस में डुबो दिया।



राष्ट्रीय एकता शिविर के संध्याकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रस्तुति देते हुए स्वयंसेवक।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| सच कहूं | 26-7-23 | 5 | 5-8 |

# हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मंच पर दिखा मिनी भारत

- कर्नाटक के कमसाले डांस स्टाइल ने दर्शकों से बंटोरी तालियां






सच कहूं न्यूज

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा आयोजित 7 दिवसीय राष्ट्रीय एकता शिविर में लगातार संध्याकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम में 17 प्रदेशों से आए कलाकार नृत्य, गायन व वादन से अपनी संस्कृति का परिचय दे रहे हैं। शिविर के छठे दिन के संध्याकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि स्थानीय शहरी निकाय मंत्री डॉ. कमल गुप्ता रहे। उनके साथ धर्मपत्नी डॉ. प्रतिमा गुप्ता, बेटी रिचा गुप्ता भी मौजूद रही। इसके अलावा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज भी मौजूद रहे। साथ ही युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय, राष्ट्रीय सेवा योजना, नई दिल्ली से मनोज कुमार व राज्य एनएसएस अधिकारी, हरियाणा डॉ. दिनेश कुमार भी उपस्थित रहे। संध्याकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम में राजस्थान, कर्नाटक व महाराष्ट्र के स्वयंसेवकों ने नृत्य, गायन व वादन के जरिए श्रोताओं का ध्यान अपनी ओर खींचा। कर्नाटक का कमसाले नामक समूह नृत्य कार्यक्रम का आकर्षण का केंद्र रहा, जिसमें कलाकारों ने कमसाले की खनक से श्रोताओं को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। आनू माले-तेनू माले व गुंजू माले नामक गाने पर कर्नाटक कलाकारों ने कर्नाटकीय संस्कृति से रूबरू करवाया, जबकि राजस्थानी कलाकारों ने घूमर व भवई नामक लोक-नृत्य से मनोरंजन कर राजस्थानी संस्कृति से सभी को जोड़ा। राजस्थानी कलाकारों ने मैं तुमको शीश नवाता हूं-धन्य धन्य हो जाता हूं भजन के बोल से सभी को भक्ति रस में बांध दिया। इसके अलावा महाराष्ट्र के स्वयंसेवकों ने लावणी नृत्य कर कार्यक्रम में चार-चांद लगा दिए। इसके अलावा कलाकारों ने कृष्ण-राधिका प्रेम को नृत्य के माध्यम से जीवंत कर बेहतरीन प्रस्तुति देकर सभी को मंत्रमुग्ध किया। साथ ही पंजाबी कलाकारों ने भंगड़ा, हरियाणवी कलाकारों ने दामण-कुर्ता व मैं गौरी-तू काला गाने के बोल पर नृत्य कर तालियां बंटोरी। वहीं, मेघालय की कलाकार ने गायन की बेहतरीन प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि स्थानीय शहरी निकाय मंत्री डॉ. कमल गुप्ता की बेटी रिचा गुप्ता ने भी सुंदर सुजन राम को ध्याइये भजन के बोल के गाने पर बेहतरीन प्रस्तुति देकर श्रोताओं को भक्ति रस में डुबो दिया।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| समस्त हरियाणा न्यूज | 25.07.2023 | -- | -- |



### चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मंच पर दिखा 'मिनी भारत'

# कनार्टक के 'कमसाले' डांस स्टाइल ने दर्शकों से बंटोरी तालियां

## महाराष्ट्र का लावणी व राजस्थानी घूमर डांस ने भी किया मंत्रमुग्ध

समस्त हरियाणा न्यूज

हिसार 25 जुलाई। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा आयोजित 7 दिवसीय राष्ट्रीय एकता शिविर में लगातार संध्याकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम में 17 प्रदेशों से आए कलाकार नृत्य, गायन व वादन से अपनी संस्कृति का परिचय दे रहे हैं। शिविर के छठे दिन के संध्याकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि स्थानीय शहरी निकाय मंत्री डॉ. कमल गुप्ता रहे। उनके साथ धर्मपत्नी डॉ. प्रतिभा गुप्ता, बेटी दिशा गुप्ता भी मौजूद रही। इसके अलावा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज भी मौजूद रहे। साथ ही युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय, राष्ट्रीय सेवा योजना, नई दिल्ली से मनोज कुमार व राज्य एनएसएस अधिकारी, हरियाणा डॉ. दिनेश कुमार भी उपस्थित रहे। संध्याकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम में राजस्थान, कर्नाटक व महाराष्ट्र के स्वयंसेवकों ने नृत्य, गायन व वादन के जरिए श्रोताओं का ध्यान अपनी ओर खींचा। कर्नाटक का 'कमसाले' नामक समूह नृत्य कार्यक्रम का आकर्षण का केंद्र रहा, जिसमें कलाकारों ने 'कमसाले' की खनक से श्रोताओं को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। आनू माले-हेनू माले व गोनू माले नामक गाने पर कर्नाटक कलाकारों ने कर्नाटकीय संस्कृति से अवगत करवाया, जबकि राजस्थानी कलाकारों ने घूमर व भवई नामक लोक-नृत्य से मनोरंजन कर राजस्थानी संस्कृति से सभी को जोड़ा। राजस्थानी कलाकारों ने तो तुमको रोता नचाता हूं-धन्य धन्य हो जाता हूं भजन के बोल से सभी को भक्ति रस में बोर दिया। इसके अलावा महाराष्ट्र के स्वयंसेवकों ने लावणी नृत्य कर कार्यक्रम में चार-चांद लगा दिए। इसके अलावा कलाकारों ने कृष्ण-राधिका प्रेम को नृत्य के माध्यम से जीवंत कर बेहतरीन प्रस्तुति देकर सभी को मंत्रमुग्ध किया। साथ ही पंजाबी कलाकारों ने भांगड़ा, हरियाणवी कलाकारों ने दामण-कुर्ता व मैं गोरी-सू काला गाने के बोल पर नृत्य कर तालियां बंटोरी। वहीं, मेघालय की कलाकार ने गायन की बेहतरीन प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि स्थानीय शहरी निकाय मंत्री डॉ. कमल गुप्ता की बेटी दिशा गुप्ता ने भी सुंदर सुजान राम को भजाईये भजन के बोल के गाने पर बेहतरीन प्रस्तुति देकर श्रोताओं को भक्ति रस में डुबो दिया।









| | |
|---|---|
| | चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय |

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| सिटी पल्स न्यूज | 25.07.2023 | -- | -- |


# कनार्टक के 'कमसाले' डांस स्टाइल ने दर्शकों से बंटोरी तालियां

## एचएयू : 17 प्रदेशों से आए कलाकार नृत्य, गायन व वादन से अपनी संस्कृति का दे रहे परिचय







**सिटी पल्स न्यूज, हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा आयोजित 7 दिवसीय राष्ट्रीय एकता शिविर में लगातार संध्याकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम में 17 प्रदेशों से आए कलाकार नृत्य, गायन व वादन से अपनी संस्कृति का परिचय दे रहे हैं। शिविर के छठे दिन के संध्याकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि स्थानीय शहरी निकाय मंत्री डॉ. कमल गुप्ता थे। उनके साथ धर्मपत्नी डॉ. प्रतिमा गुप्ता, बेटी रिया गुप्ता भी मौजूद रहीं। इसके अलावा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज भी मौजूद रहे। साथ ही युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय, राष्ट्रीय सेवा योजना, नई दिल्ली से मनोज कुमार व राज्य एनएसएस अधिकारी, हरियाणा डॉ. दिनेश कुमार भी उपस्थित रहे।

संध्याकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम में राजस्थान, कनार्टक व महाराष्ट्र के स्वयंसेवकों ने नृत्य, गायन व वादन के जरिए श्रोताओं का ध्यान अपनी ओर खींचा। कनार्टक का 'कमसाले' नामक समूह नृत्य कार्यक्रम का आकर्षण का केंद्र रहा, जिसमें कलाकारों ने 'कमसाले' की झलक से श्रोताओं को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। आनू माले-तेनू माले व गूंजु माले नामक गाने पर कनार्टक कलाकारों ने कनार्टकीय संस्कृति से रुबरू करवाया, जबकि राजस्थानी कलाकारों ने घूमर व भवई नामक लोक-नृत्य से मनोरंजन कर राजस्थानी संस्कृति से सभी को जोड़ा। राजस्थानी कलाकारों ने मैं तुमको शीश नवाता हूं-धन्य धन्य हो जाता हूं भजन के बोल से समां को भक्ति रस में बांध दिया।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पाठकपक्ष न्यूज | 25.07.2023 | -- | -- |


# एचएयू के 15 विद्यार्थियों का एक्सिस बैंक व 2 विद्यार्थी का घरडा केमिकल्स लिमिटेड में चयन

**विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने सभी चयनित विद्यार्थियों को बधाई देकर की उज्जवल भविष्य की कामना**



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 25 जुलाई :** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के 17 विद्यार्थियों का भारत के प्रसिद्ध एक्सिस बैंक में रिलेशनशिप मैनेजर-रूरल लैंडिग पद व घरडा केमिकल्स लिमिटेड में सेल्स ट्रेनी पद पर चयन हुआ है। विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण निदेशालय की काउंसिलिंग एवं प्लेसमेंट सेल के अंतर्गत कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया था, जिसमें एक्सिस बैंक में रिलेशनशिप मैनेजर-रूरल लैंडिग पद पर 15 विद्यार्थियों, जबकि घरडा केमिकल्स लिमिटेड में सेल्स ट्रेनी पद पर 2 विद्यार्थियों का चयन किया गया है। इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने चयनित सभी 17 विद्यार्थियों को बधाई दी। साथ ही उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने बताया कि हकृवि के विद्यार्थी अपनी मेहनत और अनुशासन की बदौलत देश में नहीं अपितु विदेश में जाकर पढ़ाई व रोजगार पाकर अपना श्रेष्ठ योगदान दे रहे हैं और अपना व विश्वविद्यालय का नाम रोशन कर रहे हैं। उन्होंने इस उपलब्धि का श्रेय विश्वविद्यालय के प्राध्यापकों और यहां छात्रों की शिक्षा के साथ व्यक्तित्व विकास के लिए उपलब्ध की गई सुविधाओं को जाता है। एक्सिस बैंक में चयनित विद्यार्थियों में बी.टेक. (एग्री इंजीनियरिंग) के विजय, अंकुश भोरिया, दीपक, पीयूष, रजत कुमार सैनी एम.एस.सी. (फॉरेस्ट्री), लवीश कुमार बी.एस.सी (एग्रीकल्चर), राखी रानी, एम.एस.सी (हॉर्टिकल्चर वेजिटेबल साइंस), विनय, एम.एस.सी (फ्रूट साइंस) व एम.बी.ए (एग्री-बिजनेस) में अंशुल, भुवनेश कुमार, नितिन, प्रभ सिमरन, रोहित कुमार, संदीप व यतिन शामिल हैं। इसी प्रकार, घरडा केमिकल्स लिमिटेड में बी.एस.सी (एग्रीकल्चर) से विकास व एम.बी.ए (एग्री-बिजनेस) से जसविंदर का चयन हुआ है। एक्सिस बैंक में चयनित विद्यार्थियों को 3.5 लाख रुपये प्रति वर्ष व घरडा केमिकल्स लिमिटेड में चयनित विद्यार्थियों को 4 से 5 लाख रुपये का वार्षिक पैकेज मिलेगा। इस अवसर पर छात्र कल्याण निदेशक डॉ. अतुल ढींगड़ा, कुलपति के सचिव कपिल अरोड़ा, छात्र कल्याण के सह-निदेशक (काउंसिलिंग एंड प्लेसमेंट) डॉ. सुबोध अग्रवाल तथा बिजनेस मैनेजमेंट विभाग से डॉ. अमिता गिरधर मौजूद रहे।

7 दिवसीय राष्ट्रीय एकता शिविर में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

# एच.ए.यू. के मंच पर दिखा 'मिनी भारत'

## कर्नाटक के 'कमसाले' महाराष्ट्र का लावणी व राजस्थानी घूमर ने किया मंत्रमुग्ध

हिसार, 25 जुलाई (राठी): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा आयोजित 7 दिवसीय राष्ट्रीय एकता शिविर में सांस्कृतिक कार्यक्रम में 17 प्रदेशों से आए कलाकार नृत्य, गायन व वादन से अपनी संस्कृति का परिचय दे रहे हैं।

शिविर के छठे दिन के संध्याकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि स्थानीय शहरी निकाय मंत्री डॉ. कमल गुप्ता रहे। उनके साथ धर्मपत्नी डॉ. प्रतिमा गुप्ता, बेटी रिचा गुप्ता भी मौजूद रहीं।

इसके अलावा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज भी मौजूद रहे। साथ ही युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय, राष्ट्रीय सेवा योजना, नई दिल्ली से मनोज कुमार व राज्य एन.एस.एस. अधिकारी, हरियाणा डॉ. दिनेश कुमार भी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में राजस्थान, कर्नाटक व महाराष्ट्र के स्वयंसेवकों ने नृत्य, गायन व वादन के जरिए श्रोताओं का ध्यान अपनी ओर खींचा। कर्नाटक का 'कमसाले' नामक समूह नृत्य कार्यक्रम का आकर्षण का केंद्र रहा, जिसमें कलाकारों ने 'कमसाले' की खनक से श्रोताओं को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। आनू माले-तेनू माले व गुंजु माले नामक गाने पर कर्नाटक कलाकारों ने वहां की संस्कृति से रूबरू करवाया, जबकि राजस्थानी कलाकारों ने घूमर व भवई नामक लोक-नृत्य से मनोरंजन कर राजस्थानी संस्कृति से सभी को जोड़ा। राजस्थानी कलाकारों ने मैं तुमको शीश नवाता हूं-धन्य धन्य हो जाता हूं भजन के बोल से सभी को भक्ति रस में बांध दिया। इसके अलावा महाराष्ट्र के स्वयंसेवकों ने लावणी नृत्य कर कार्यक्रम में चार-चांद लगा दिए।

इसके अलावा कलाकारों ने कृष्ण-राधिका प्रेम को नृत्य के माध्यम से जीवंत कर बेहतरीन प्रस्तुति देकर सभी को मंत्रमुग्ध किया। साथ ही पंजाबी कलाकारों ने भंगड़ा, हरियाणवी कलाकारों ने दामण-कुर्ता व मैं गौरी-तू काला गाने के बोल पर नृत्य कर तालियां बटोरी। वहीं, मेघालय की कलाकार ने गायन की बेहतरीन प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि स्थानीय शहरी निकाय मंत्री डॉ. कमल गुप्ता की बेटी रिचा गुप्ता ने भी सुंदर सुजन राम को ध्याईये भजन के बोल के गाने पर बेहतरीन प्रस्तुति देकर श्रोताओं को भक्ति रस में डूबो दिया।









सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रस्तुति देते स्वयंसेवक।



सांस्कृतिक कार्यक्रम में भंगड़े की प्रस्तुति देते स्वयंसेवक।



राष्ट्रीय एकता शिविर कार्यक्रम को संबोधित करते मुख्यातिथि डॉ. कमल गुप्ता।

## सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ें युवा : डॉ. गुप्ता

स्थानीय शहरी निकाय मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने युवाओं से सकारात्मक सोच के साथ जीवन में आगे बढ़ने और देश की प्रगति में अपना बहुमूल्य योगदान देने का आह्वान किया है। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में चल रहे राष्ट्रीय एकता शिविर में बतौर मुख्यातिथि बोलते हुए उन्होंने कहा कि देश को युवा शक्ति से बहुत अपेक्षाएं हैं इसलिए उन्हें धर्म, जातिवाद, क्षेत्रवाद आदि की संकीर्ण मानसिकता से ऊपर उठकर और एकजुट होकर देश को श्रेष्ठ व आत्मनिर्भर बनाने के संकल्प के साथ आगे बढ़ना होगा।

सात दिवसीय इस राष्ट्रीय एकता शिविर में देश के 17 राज्यों से आए राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक भाग ले रहे हैं। मुख्यातिथि ने कहा यह राष्ट्रीय एकता शिविर मिनी भारत की झलक प्रस्तुत करता है। इसमें विभिन्न राज्यों से विद्यार्थी भाग लेकर अनेकता में एकता जोकि भारत देश की पहचान है, को चरितार्थ करते हैं। यह विशेषता विश्व के किसी भी देश में नहीं मिलती।

कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने की। जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय, राष्ट्रीय सेवा योजना, नई दिल्ली से मनोज कुमार व राज्य एन.एस.एस. अधिकारी, हरियाणा डॉ. दिनेश कुमार भी उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय सेवा योजना का मुख्य उद्देश्य समाज व स्वयं में सुधार लाना है : प्रो. काम्बोज

**कुलपति** प्रो. बी.आर. काम्बोज ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का मुख्य उद्देश्य समाज और स्वयं में सुधार लाना है। भारत जैसे बड़े लोकतांत्रिक देश को जानने के लिए व अनेकता में एकता के सूत्र को समझने में राष्ट्रीय एकता शिविर का अहम योगदान है। उन्होंने कहा कि शिविर से विद्यार्थियों में निःस्वार्थ भाव से सेवा करने, समाज में भाईचारा कायम करने व एक-दूसरे की संस्कृति का सम्मान करने का भाव पैदा होता है।

उन्होंने कहा कि किसी भी काम को करने से पहले क्या-क्या व्यवस्थाएं करनी हैं या किसी भी समस्या का समाधान कैसे करना है, यह हमें टीम-वर्क से सीखने को मिलता है। इसी का एक प्रारूप एन.एस.एस. शिविर है, जिसमें पहले विद्यार्थियों के चरित्र-विकास पर जोर दिया जाता है और उसके बाद लीडरशिप जैसे गुणों को विकसित कर विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास किया जाता है।